हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) | DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय - प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 285 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 29 जुलाई 2024 | मूल्य 2 रुपया

आवश्यकता है
दैनिक गुरु एक्सप्रेस
कार्यालय में ऑफिस बॉय की आवश्यकता है।
वेतन योग्यता अनुसार
संपर्क
संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक
कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस
9425105928, 8319964648

नपा द्वारा आए दिन पोस्टर बैनर हटाने की होती है कार्रवाई, टेक्स वसूली की प्रकिया गौण...

## निजी संस्थाओं का दीवारों पर प्रचार!

### शहर की खुबसूरती पर ग्रहण, बिना अनुमति के नहीं कर सकते प्रचार, पॉलिसी लागू करने में कोताही

**मंदसौर, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शहर का व्यापार–व्यवसाय जब से प्रगति लेने लगा है, तब से निजी संस्थाओं द्वारा भी अपनी दुकान का प्रचार किया जा रहा है। यह प्रचार सार्वजनिक दीवारों व संस्थाओं पर पोस्टर चिपकाकर हो रहा है। जबकि इसमें अनुमति लेना जरूरी है। यानी बिना अनुमति के कोई भी निजी संस्था पोस्टर के माध्यम से प्रचार–प्रसार नहीं कर सकती है। बताते हैं कि इनसे शुल्क वसूलने का भी नियम है, लेकिन पॉलिसी लागू नहीं हो पा रही है। निजी संस्थाओं का दीवारों पर प्रचार–प्रसार हो रहा है, यहां तक उन्होंने शहर की गलियों को भी नहीं छोड़ा है। ऐसे में मंदसौर शहर की खुबसूरती पर ग्रहण लग रहा है।

मंदसौर शहर की आबादी करीब सवा दो लाख पार कर गई है। ऐसे में व्यावसायिक संस्थानों में भी बढ़ोतरी हुई। इनमें से कई निजी संस्थाओं द्वारा खुद की तारीफें शहर की सार्वजनिक दीवारों पर लिखकर की जा रही है। एक तरह से यह विज्ञापन की श्रेणी में आता है। ऐसी संस्थाओं ने शहर की किसी भी गलियों को नहीं छोड़ा है। मुख्य बाजार में तो शहर को बदरंग करने से भी नहीं चूका जा रहा है। नपा को संबंधित से कर वसूलने का अधिकार है, लेकिन आज तक किसी से भी वसूली नहीं हुई है। इससे एक ओर तो नपा का खजाना भर नहीं पा रहा है, वहीं दूसरी ओर इन संस्थाओं की जेबें जरुर गरम हो रही है। बगैर रोकटोक के ये जहां देखो, वहां पोस्टर वाला विज्ञापन चिकपा दिया जाता है या फिर सार्वजनिक दीवारों को बदरंग कर दिया जाता रहा है।

**कई प्रचार बहकावे के हो रहे, ध्यान देने की जरुरत–** शासन, प्रशासन और सरकार ने स्वच्छता अभियान सहित चलाया है। साथ ही कई प्रकार के नियम लागू किए हैं। ये नियम केवल दिखावा मात्र हो गए हैं। शहर के मुख्य बाजार में तो दीवारें निजी संस्थाएं अपनी तारीफें करती देखी जा सकती है, लोग इन्हें पढ़कर सोचते हैं कि क्या प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं देता है।

**चुनावी आचार संहिता में सीखाएं जाते हैं कानून–** बता दें कि बात मंदसौर शहर की भी नहीं है। जिले के विभिन्न नगरों व ग्रामों में भी यही हालत है। नामी संस्थाएं कुछ रुपए खर्च कर सरकारी भवनों की दीवारों को भी नहीं छोड़ रही है। कई बार तो बहकावे जैसे प्रचार भी हो रहे हैं। इसमें ध्यान देने की भी जरुरत है। यह और बात है कि चुनाव के समय आचार संहिता लगने के दौरान कार्रवाई कर दी जाती रही है। खंबों व अन्य सार्वजनिक जगहों पर निजी संस्थाओं के टंगे पोस्टर बैनर पर आचार संहिता का अमला कार्रवाई करता रहा है। आचार संहिता हटते ही इन पर किसी का ध्यान नहीं जा पाता है।

**निजी दीवारों पर उनके मालिक वसूलते हैं राशि–** बता दें कि प्राईवेट संस्थाओं द्वारा ऐसी जगह चिन्हित की जाती है, जिससे उन्हें ज्यादा से ज्यादा फायदा हो। मसलन, उस जगह विज्ञापन लिखवाने से उसे अधिक से अधिक पढ़ा जा सके। निजी दीवारों पर मकान मालिक या संस्थान मालिक संबंधित संस्थाओं से रुपया वसूल लेते हैं। वे ही कमाई कर रहे हैं, जबकि नपा को इससे घाटा हो रहा है। यहां यह बात बताना जरुरी है कि नगर पालिका हो अथवा अन्य कोई शासकीय संस्था या विभाग सभी को निजी दुकान व मकान मालिकों से भी पेनल्टी वसूलने का अधिकार है।

**होलसेलर व डीलर डालते हैं अडंगा–** बताते हैं कि दीवारों पर अधिकतर डीलर व होलसेलर वाले अपना प्रचार प्रचार करवाते हैं। यदि कार्रवाई करें भी तो होलसेलर व डीलर अडंगा डालते हैं। इसमें कोई न कोई सत्ता से जुड़ा व्यक्ति भी होता है, ऐसी स्थिति में शासन, प्रशासन केवल मूकदर्शक बना रहता है।

**होर्डिंग्स के लिए अभी तक नहीं हुए टेण्डर–** शहर में जितने भी होर्डिंग्स लगे हैं, वे बिना टेण्डर के बदस्तूर टंगे हुए हैं। मार्च महीना समाप्त हुए लम्बा समय बीता चुका है। पूर्व में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगी हुई थी, जो लम्बे समय तक चली। यानी 6 जून को आचार संहिता समाप्त हुई। लेकिन, डेढ़ महीने से अधिक का समय हो चुका है, शहर के होर्डिंग्स के संबंध में टेण्डरिंग कार्य नहीं हो पाया है। यह और बात है कि नगर पालिका ने केवल तकनीकी सर्वे कराया है, ताकि बारिश के दौर में तेज हवा चलने पर होर्डिंग्स से दुर्घटना ना हो। लेकिन, कई होर्डिंग्स नियमों के विपरित भी हैं, जो तकनीकी सर्वे में ठीकठाक किए गए हैं। नगर पालिका को शहर के 40 ही वार्ड के क्षेत्र के तहत होर्डिंग्स की संख्या भी सार्वजनिक करना चाहिए, ताकि अवैध लगे होर्डिंग्स का अता–पता भी आम आदमी को हो सके। वर्तमान में यह भी हो रहा है कि संबंधित फर्म अथवा दुकानदार ने जिस कंपनी की एजेंसी ले रखी है, अथवा उसने किन्हीं कारणों के चलते वह एजेंसी छोड़ दी है। ऐसे में कोई नया एजेंसी धारक आता है तो कंपनी के तथाकथित कर्मचारी उसी फर्म अथवा दुकानदार के बाहर होर्डिंग्स पर कंपनी का प्रचार करवाता दिखाई दे रहा है, जबकि यह दुर्भावनापूर्व है।

इस संबंध में नपा सीएमओ सुधीर कुमार सिंह से बात करना चाही, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।



पूजन के बाद पशुपतिनाथ लोक के निर्माण कार्यों व सावन माह की व्यवस्थाएं देखीं...

## कलेक्टर अदिति गर्ग मंदसौर पधारी, पशुपतिनाथजी के किए दर्शन

### आज लेंगी चार्ज, दो दशक बाद शुरू होगा महिला कलेक्टर का प्रशासनिक कार्यकाल



**मंदसौर, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** भोपाल से उपसचिव सीएम एवं संचालक स्वास्थ्य सेवाओं में पदस्थी के बाद मंदसौर कलेक्टर बनीं सुश्री अदिति गर्ग रविवार सुबह मंदसौर पधारीं। सबसे पहले उन्होंने पशुपतिनाथजी मंदिर जाकर महादेव के दर्शन किए व पूजन अर्चन किया। इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर में ही चल रहे पशुपतिनाथ लोक के तहत निर्माण कार्यों को देखा एवं सावन माह में व्यवस्थाओं को भी निहारा। पशुपतिनाथ लोक के संबंध में नवागत कलेक्टर सुश्री गर्ग ने निर्माण एजेंसी से भी जानकारी ली। पशुपतिनाथजी के दर्शन कर उन्होंने शहर की समृद्धि व खुशहाली की कामना की।

बता दें कि छुट्टी का दिन होने से रविवार को नवागत कलेक्टर सुश्री अदिति गर्ग ने पदभार ग्रहण नहीं किया है, आज सोमवार को वे मंदसौर कलेक्टर की जिम्मेदारी संभालेंगी। यानी 29 जुलाई से मंदसौर में एक महिला कलेक्टर की नई पारी की शुरुआत होगी। इसके पूर्व करीब दो दशक पहले मंदसौर में डॉ. एम. गीता महिला कलेक्टर के रूप में पदस्थ हुई थी। स्वास्थ्य खराबी के चलते डॉ. एम. गीता का देहांत पूर्व में हो चुका है। लेकिन, उनकी कार्यशैली तेजतर्रार रही थीं। अब दो दशक बाद

### कलेक्टर भी महिला, एडीएम भी महिला

यह पहली बार देखने को मिल रहा है कि मंदसौर में कलेक्टर भी महिलां हैं और एडीएम यानी अपर कलेक्टर भी महिला हैं। दो महिलाओं की प्रशासनिक जोड़ी से मंदसौर का विकास भी आगे बढ़ने की संभावनाएं हैं। रविवार को पशुपतिनाथ मंदिर में कलेक्टर की अगवानी के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल सहित अन्य सभी अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

महिला कलेक्टर के रूप में सुश्री अदिति गर्ग आई हैं, उनकी कार्य करने की कार्यशैली भी तेजतर्रार होने की उम्मीद है। कलेक्टर के रविवार को मंदसौर में आमद होने पर प्रशासनिक अमले में भी चहल–पहल है। आज सोमवार को प्रशासनिक तौर पर कई बैठकें भी होती हैं। ऐसे में सभी अधिकारी व कर्मचारी जिन्हें बैठक में शामिल होना है, वे पूर्व तैयारी कर व समय पूर्व आएंगे। 2015 बैच की आईएएस सुश्री अदिति गर्ग पूर्व में इंदौर में स्मार्ट सिटी विभाग में अधिकारी के तौर पर कार्य कर चुकीं है। आईएएस बनने के पूर्व वे लंदन में भी कंसलटेंसी के पद पर एक नामी कंपनी में सेवाएं दे चुकीं है। कलेक्टर पद की जिम्मेदारी उन्हें पहली बार मिली है।

पानी उतरा, बंद रास्ते वापस चालू हुए, प्रतापगढ़ क्षेत्र में हुई है अच्छी बारिश...

## दोपहर में कुछ देर झमाझम, छायन में बहे बुजुर्ग का शव मिला

### नपा के जलकल अमले को शिवना में पानी आने का इंतजार, जिससे जलसंकट हो समाप्त



**मंदसौर, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सावन माह में मानसून की मेहरबानी दिखाई दे रही है, लेकिन रविवार को दोपहर में कुछ देर ही झमाझम बारिश हो पाई है। बादल तो छाए रहे हैं, पर वर्षा नहीं हो पाई है। इससे थोड़ी उमस भी बरकरार रही। शनिवार को बारिश के चलते शामगढ़ थाना क्षेत्र में छायन ग्राम का नाला उफनने पर एक बुजुर्ग शिवसिंह पिता भंवरसिंह सौंधिया 65 वर्ष बह गया था। रविवार को उसे एसडीआरएफ की टीम द्वारा खोजा जाता रहा। रात्रि होने से रेस्क्यू ऑपरेशन बंद किया गया। रविवार सुबह वापिस खोजबीन की गई। बुजुर्ग शनिवार शाम करीब 5 बजे बहा था, जिसका शव रविवार सुबह मिला यानी 19 घंटे बाद टीम को बुजुर्ग के कपड़े दिखाई दिए, जिसके बाद खोजबीन में तत्परता से हुई। नाले के समीप ही करीब 200 मीटर की दूरी पर बुजुर्ग शिवसिंह का शव मिला है। बता दें कि शव खोजने के दौरान क्षेत्रीय विधायक हरदीपसिंह डंग भी पहुंचे थे।

रविवार शाम को प्रतापगढ़ क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई। लेकिन, शिवना नदी में पानी की आवक नहीं हो पाई है। नदी के केचमेंट क्षेत्र में मूसलाधार बारिश होने पर नदी में जलप्रवाह हो सकेगा।

नगर पालिका का जलकल अमला महाउज्जैयनी मनाने और इसके सफल होने से अब चिन्तित तो नहीं है, लेकिन शिवना नदी में पानी का इंतजार हो रहा है। शिवना में पानी की आवक होने से शहर पर मंडराया जलसंकट समाप्त हो सकेगा। हालांकि नदी की लम्बाई क्षेत्र में फैले गड्ढों आदि में पानी आ गया है। माना जा रहा है कि सावन माह में भगवान पशुपतिनाथजी भी शिवना के जल से अभिषेक करेंगे। इस स्थिति का सभी को इंतजार है।

## हाउसिंग कॉलोनी के घर में महिला को करंट लगा, मृत्यु

**दलौदा, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** दलौदा थाना क्षेत्र से कुछ दूरी पर हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी में स्थित एक घर में रविवार दोपहर एक महिला को करंट लग गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई है। पुलिस के अनुसार 47 वर्षीय सुमनकुंवर पति स्व. हरिसिंह भाटी हाउसिंग कॉलोनी में रहती हैं। दोपहर में घर के गेट पर दरवाजा खोलते या बंद करते समय वह करंट की चपेट में आ गई। झूलसने के बाद उसे बड़े अस्पताल लाया गया, यहां डॉक्टर ने उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

## 60 लीटर जहरीली शराब संग दो युवकों को बाइक समेत पकड़ा



**पिपलियामंडी, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पिपलियामंडी थाना पुलिस ने 60 लीटर जहरीली शराब के साथ बाइक सवार दो युवकों को पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना पर पिपलियामंडी–नीमच ओवरब्रीज के नीचे दबिश दी गई। यहां से आरोपियों राहुल पिता समरथ बावरी उम्र 21 साल एवं तेजमल पिता राधेश्याम बावरी उम्र 21 साल दोनों निवासी ग्राम रूपी थाना मल्हारगढ़ के आधिपत्य वाली एक बिना नंबर की काले रंग की हीरो एचएफ डिलक्स बाईक से प्लास्टिक की पीले रंग की दो केनो मे भरी 60 लीटर अवैध कच्ची हाथ भट्टी की बरामद की, जो जहरीली शराब रही है। आरोपी राहुल बावरी व तेजमल बावरी को गिरफ्तार कर अवैध शराब के स्त्रोत के संबंध में पूछताछ की जा रही है। आरोपी राहुल के खिलाफ नीमच, मल्हारगढ़, जावरा रतलाम, यशोधर्मन नगर थाना में भी अलग अलग धाराओं में प्रकरण दर्ज है।

## रक्षा बंधन पर भद्रा का साया, दोपहर डेढ़ बजे बाद शुभ मुहुर्त

**मंदसौर, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। रक्षाबंधन का त्यौहार 19 अगस्त श्रावण पूर्णिमा, सोमवार को मनाया जाएगा। इस बार भद्रा का साया तो रहेगा, लेकिन दोपहर 1.31 बजे तक। इसके बाद दिनभर राखी बांधी जा सकेगी। भद्रा का वास पाताल लोक में होने से यह अशुभ नहीं होता है। इस दिन से पंचक भी लग रहा है। 19 अगस्त को सुबह श्रवण नक्षत्र नक्षत्र के बाद धनिष्ठा नक्षत्र लगने के कारण यह राज पंचक होगा और इसे अशुभ नहीं माना जाता है। ज्योतिर्विद के अनुसार भद्रा काल में उपाकर्म किया जा सकता है। इस पर रोक नहीं रहती। इस दिन ऋग्वेदी, यजुर्वेदी ब्राह्मण उपाकर्म करेंगे। दोपहर 1 बजे तक भद्रा का प्रभाव रहेगा। इस दिन श्रवण नक्षत्र, पूर्णिमा और सोमवार होने से सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है। साथ ही व्रत की पूर्णिमा भी इसी दिन रहेगी। रक्षा बंधन के शुभ मुहूर्त दोपहर 2:06 से रात 8:09 तक सर्वश्रेष्ठ रहेगा।**

**अब जानते हैं क्या होती है भद्रा–** तिथि, वार, योग, करण और नक्षत्र मिलकर पंचांग बनाया जाता है। ज्योतिषार्चो के अनुसार करण तिथि के आधे भाग को कहा जाता है। विष्टिकरण को ही भद्रा कहते हैं। इसे शनिदेव की बहन भी कहा गया है इसलिए रक्षा-बंधन और होलिका दहन में भद्रा हो तो उसका निषेध माना गया है।

**पूरे दिन शोभन योग–** इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग एवं रवि योग भी रहेंगे। यह योग भद्रा काल में होने से अधिक प्रभावी नहीं रहेंगे। सर्वार्थ सिद्धि सुबह 5:53 से 8:10 बजे तक रहेगा। रवि योग सुबह 5:53 से 8:10 बजे तक रहेगा। इसी दिन ब्राह्मण वर्ग वर्ष पर्यंत किए गए पापों के प्रायश्चित के लिए दशविध स्नान, नूतन यज्ञोपवीत धारण और श्रावणी कर्म करेंगे। इस दिन सिर्फ बहनें ही नहीं अपितु गुरु, शिष्य भी परस्पर रक्षा के भाव से रक्षा सूत्र का बंधन करते हैं।

## गरोठ टीआई लाईन हाजिर..!

**मंदसौर, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** गरोठ थाना टीआई प्रभात गौड़ को लाईन हाजिर किया गया है। उनकी जगह निरीक्षक धर्मेश शिवहरे को जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि इस कार्रवाई के पीछे कारण प्रशासनिक बताए गए है। लेकिन चर्चा है कि इस मामले में विधायक चंदरसिंह सिसौदिया की भूमिका है। विधायक ... **शेष पेज 4 पर**

मामला अपना घर से अपहृत की गई दो नाबालिग युवतियों का...

## दस्तियाबी के लिए गई टीम लौटी, अब तकनीकी क्लू पर टिकी निगाहें

**मंदसौर, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शहर के अपना घर की सुबह छह बजे के आसपास दो नाबालिग युवतियां दीवार फांदकर भागी थीं। पहले से दो बाईक पर इंतजार कर रहे चार युवकों द्वारा युवतियों का अपहरण किया गया है, जो वायरल वीडियो में साफ दिखाई दे रहे हैं। इसके आधार पर टीम गठित की गई। एक टीम कपासन और नीमच क्षेत्र में जांकर जांच पड़ताल कर चुकी है। यहां कुछ हाथ नहीं लगने पर यह टीम भी वापिस मंदसौर लौट आई। दोनों जगह परिजनों से पूछताछ में वे भी कुछ ज्यादा बता नहीं पाए हैं। उधर, दोनों बालिकाओं को अपहृत करने वालों का अता–पता नहीं लग सका है। आज 29 जुलाई को यह घटना हुए नौ दिन बीत जाएंगे, इसके बाद भी सुराग जुटाने में नाकामी हाथ लगी है। इसकी जांच नई आबादी थाना पुलिस कर रही है, जिन्हें अब तकनीकी क्लू मिलने की उम्मीद है, जिस पर निगाहें टिकी हुई है। सभी का मोबाईल भी बंद है।

बता दें कि एक युवती नीमच की थी, जिसे दस्तियाब करने के बाद परिजनों के पास नहीं जाने पर बाल कल्याण समिति ने उसे अपना घर पहुंचाया था, वहीं दूसरी लड़की कपासन की रहने वाली है, वह भी परिजनों के साथ नहीं गई। करीब डेढ़ माह से दोनों अपना घर में रह रहीं थी। 20 जुलाई की सुबह छह बजे दोनों मौका पाकर दो बाईक पर सवार चार युवकों के साथ चली गईं थी। पुलिस को इन्हें खोजने के लिए सीसीटीवी केमरों का सहारा लेना पड़ा है, जिसकी मदद से सुराग जुटाने की कोशिश की गई है। माना जा रहा है कि एक क्लू मिलते ही पुलिस धरपकड़ में सफल हो सकेगी, लेकिन रविवार तक असफलता ही हाथ लगी है।

## महिला ने फंदे पर लटककर की खुदकुशी

**मंदसौर, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** गरोठ थाना क्षेत्र के ग्राम देथली बुजुर्ग में एक महिला ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के अनुसार शनिवार शाम गायत्री पति मांगीलाल जाति कलाल 45 वर्ष फंदे पर झूल गई। ग्राम के चौकीदार की रिपोर्ट पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां पर महिला का शव गरोठ अस्पताल लाया गया। यहां पीएम करवाने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## तितरोद में सड़क तक पहुंचा मगरमच्छ, आधी रात को किया रेस्क्यू



**मंदसौर, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊ तहसील के तितरोद गांव में शनिवार रात 11 बजे सड़क पर मगरमच्छ दिखाई दिया। ग्रामीणों ने सड़क पर आने वाले लोगों को सचेत रहने को कहा। इसके बाद बाद वन विभाग की टीम को सूचना दी गई। लेकिन वन विभाग ने आधी रात में रेस्क्यू के लिए टीम नहीं होने की बात कही।

वन विभाग के अमले द्वारा मना करने के बाद ग्रामीणों ने खुद ही मगरमच्छ को पकड़ने का प्रयास शुरू किया। हालांकि करीब 1 घण्टे बाद वन अमला मगरमच्छ को रेस्क्यू करने पहुंच गया। रात 1 बजे ग्रामीणों की मदद से वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को रेस्क्यू कर लिया। अब इसे चंबल नदी में छोड़ा गया। बता दें कि सीतामऊ क्षेत्र चंबल नदी के आसपास बसा है। इसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में मगरमच्छ कई बार गांव में घुस आते हैं। बारिश के समय मगरमच्छ के गांव में घुसने या सड़क पर नजर आने की घटनाएं ज्यादा सामने आती हैं। हालांकि समय रहते वन विभाग की टीम मगरमच्छ को रेस्क्यू कर चंबल नदी में छोड़ देती है।

**मनासा के मातारूंडी गांव में खेत में दिखा 15 फीट लम्बा अजगर–** नीमच जिले के मनासा उप वन मंडल अंतर्गत आने वाले गांव मातारुंडी रविवार सुबह उसे समय सनसनी फैल गई। जब एक विशालकाय अजगर के एक खेत में दिखाई देने की जानकारी लोगों को हुई। दरअसल गांव के फखरुद्दीन पिता नासिर खान को गांव स्थित अपने कद्दू के खेत में एक विशालकाय अजगर दिखाई दिया। जिसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी गई मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद अजगर का रेस्क्यु कर उसे मनासा के वन्य क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ दिया है। बताया जा रहा है कि अजगर का वजन करीब 25 किलो है और उसकी लंबाई करीब 15 फिट है।

मामला नारायणगढ़ थाना पुलिस द्वारा दो किलो अफीम बरामदगी का...

## केस डायरी में आरोपी का नाम प्रेम, सख्ती से पूछताछ बाकी

**मंदसौर, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नारायणगढ़ थाना पुलिस द्वारा दो किलो अफीम खाचरौद के प्रेम नामक युवक से बरामद करना बताया है, लेकिन इसकी पूछताछ में सख्ती बाकी दिखाई दे रही है। दो किलो अफीम है, जिसमें एक आरोपी प्रेम के अलावा अन्य के भी होने के आसार हैं। जब अफीम बरामद की गई थी, तब थाना स्तर पर ही पूछताछ हुई, बाद में जांच डायरी तकनीकी तौर पर पुलिसया प्रशासन के अंतर्गत झार्डा चौकी में पहुंचाई गई।

यहां जांच का जिम्मा भी झार्डा चौकी प्रभारी के हवाले किया गया। जांच डायरी को पहुंचने में दो दिन का समय लगा था, जिसे भी दो दिन हो गए हैं। लेकिन, अफीम खरीद–फरोख्त में जांच की गाड़ी आगे बढ़ने में कछुए की चाल वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। इससे जो अन्य आरोपी हो सकते हैं, उन्हें पर्याप्त समय मिलता नजर आ रहा है। बता दें कि केस डायरी में आरोपी का नाम प्रेम है जिसका पिता का नाम हीरालाल मालवीय निवासी ग्राम झिरमिरा थाना खाचरोद है। जिसे नारायणगढ़ थाने की टीम ने नारायणगढ़–मूंदेड़ी रोड पर दबिश देते हुए पकड़ना बताया है। वह खाचरौद से मंदसौर आकर कहां–कहां गया था, और किस किसके संपर्क में रहा, इसकी पारदर्शिता से जांच झार्डा चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक मनोज गर्ग कर रहे हैं।

249 किलो डोडा चूरा मामला...

## रिमांड खत्म, आज पेश होगा आरोपी

**सीतामऊ, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊ थाना पुलिस ने एक्सप्रेस वे पर तेज गति से दौड़ रही क्रेटा कार की धरपकड़ कर आरोपी संजय विश्नोई निवासी जोधपुर को पकड़ा था, जिसके पास 249 किलो डोडा चूरा मिलना बताया। 29 जुलाई तक वह और एक और पकड़ाया आरोपी सुनील भाटी निवासी खेड़ा रिमांड पर है। आज रिमांड अवधि खत्म हो रही है, जिसे सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। संजय डोडा चूरा तो सुनील से लाया था, यानी सुनील ने ही डोडा चूरा भरवाया था। ऐसे में यह डोडा चूरा जा कहां रहा था और किसको देने के लिए परिवहन किया जा रहा था, यह गौण बना हुआ है। अभी तक मामले में संजय और सुनील आरोपी बने हैं। आरोपी संजय पूर्व में मंदसौर जिले में कितनी बार मादक पदार्थ के लिए आ चुका है, इस पर भी गौर करने की जरूरत है।

सांसद गुप्ता एवं डॉ. पुरोहित के अथक प्रयासों से...

# राष्ट्रीय कैडेट कोर की छात्र सैनिक यूनिट सरस्वती विद्या मंदिर में हुई मंजूर

मंदसौर, 28 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता एवं डॉ. क्षितिज पुरोहित के अथक प्रयासों से मंदसौर के सरस्वती विद्या मंदिर जग्गाखेडी में एनसीसी ट्रूप की नई सौगात मिल गई है। सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में एनसीसी यूनिट को 100 छात्र सैनिकों के साथ 5 वीं मध्य प्रदेश स्वतंत्र कंपनी एनसीसी नीमच के कमान अधिकारी कर्नल रिजवान खान के नेतृत्व में संचालित होगी। ज्ञातव्य है कि सरस्वती विद्या मंदिर जग्गाखेडी पिछले 5 वर्षों से एनसीसी यूनिट प्रारंभ करने के लिए प्रयासरत थी और मध्य प्रदेश की वेटिंग लिस्ट में सत्रहवें नंबर पर संस्थान का आवेदन विचाराधीन था। माननीय सांसद महोदय ने ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर सौरभ जैन एवं अपर



महानिदेशक अजय कुमार महाजन से चर्चा कर सैनिक स्कूल और सरस्वती विद्या मंदिर मंदसौर में यूनिट को शुरू करने के लिए निरन्तर आग्रह किया। हिंदुस्तान स्काउट गाइड के राज्य आयुक्त डॉ. क्षितिज पुरोहित, एनसीसी ट्रूप कमांडर विजय सिंह पुरावत, ट्रूप कमांडर जितेंद्र कनौजिया लगातार उच्च अधिकारियों से सतत संपर्क में बने रहे और सरस्वती विद्या मंदिर के पक्ष को मजबूती से प्रस्तुत करते रहे। अंततः परिणाम अपेक्षापूर्ण प्राप्त हुआ जिसमे एनसीसी निदेशालय के द्वारा एनसीसी अधिनियम और नियम (1948 का अधिनियम दददख) के अनुसार 5 एमपी (आई) कंपनी एनसीसी, मुख्यालय, इंदौर के नीमच से संबद्ध सरस्वती विद्या मंदिर, मंदसौर को 100 जेडी कैडेटों के आवंटन के लिए ग्रुप कमांडर की मंजूरी प्रदान की गई है। सरस्वती विद्या मंदिर, मंदसौर को यह यूनिट स्व-वित्तपोषण योजना (एफएसएफएस) के अंतर्गत दी गई है। यूनिट आवंटन 5 एमपी (स्वतंत्र) कंपनी एनसीसी, नीमच की निर्धारित स्थापना और स्वीकृत कैडेट शक्ति से अधिक है। यह आवंटन संस्थान के दिनांक 21 फरवरी 2023 के आवेदन में निर्धारित नियमों और शर्तों के अनुपालन के अधीन रहेगा। सरस्वती विद्या मंदिर में एनसीसी की यूनिट प्रारंभ होने की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर सांसद सुधीर गुप्ता तथा हिन्दुस्थान स्काउटस एंड गाइड के राज्य आयुक्त डॉ.क्षितिज पुरोहित ने विद्यालय प्रबंधन एवं विद्यालय प्राचार्य को शुभकामनाएं दी तथा ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर सौरभ जैन एवं अपर महानिदेशक अजय कुमार महाजन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# अजाक्स ने दिया लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन



मंदसौर, 28 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। मप्र अजाक्स ब्लॉक इकाई,मंदसौर,जिला मंदसौर द्वारा दिनांक-28/07/2024 को विभिन्न मांगों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी मंदसौर को दिया गया ज्ञापन।

मप्र अजाक्स के प्रांतीय निर्देश पर अजाक्स ब्लॉक इकाई मंदसौर अजाक्स की कई वर्षो से लंबित मांगो में प्रमुख रुप से पदोन्नति में आरक्षण लागू करने, बैकलॉग के 104500 पदों की पूर्ति शीघ्र करने,न्यायिक सेवाओं में सिविल जजों की भर्ती में आरक्षण लागू करने,उच्च पद प्रभार में आरक्षण रोस्टर का पालन किये जाने, आउटसोर्सिंग प्रथा पूर्ण रूप से समाप्त हो और यदि आवश्यक हो तो उसमें आरक्षण रोस्टर लागू करने,अनुसूचित जाति जनजाति के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रत्येक माह की 10 तारीख तक अनिवार्य छात्रवृत्ति प्रदान किये जाने, प्रत्येक ब्लॉक तहसील एवं जिले में अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रावास में विद्यार्थियों की संख्या बढाई जाने, एवं अन्य राज्यों की भांति मप्र में भी पुरानी पेंशन लागू की जाने को लेकर माँग को लेकर ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन का वाचन अजाक्स मंदसौर ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र गोयल द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित संभागीय उपाध्यक्ष- जेपी अहिरवार,अजाक्स जिलाध्यक्ष प्रहलाद कुमार सूर्यवंशी, जिला सचिव- रघुवीर मालवीय,जिला सचिव -मनोज कुमार धानिया, जिला सचिव जगदीश खींची, जिला सचिव पवन परिहार,जिला महासचिव गोपाल सूर्यवंशी, जिला कोषाध्यक्ष सुभाष दर्डिंग,जिला सचिव मुकेश कोठे,जिला संयुक्त सचिव राकेश डांगी,आकास जिलाध्यक्ष राजूलाल कटारा, मंदसौर तहसील अध्यक्ष दिनेश सूर्यवंशी,दलौदा तहसील अध्यक्ष सुखलाल सुनार्थी,तहसील सचिव लक्ष्मीकांत हटीला, घनश्याम कमलवा, रंगलाल डामोर मंडी निरीक्षक, ब्लॉक सचिव मुकेश सूर्यवंशी, ललित सोनगरा, ब्लॉक सचिव दशरथ टांक, जगदीशचंद्र कोडावत,जिला महासचिव शोभाराम सूर्यवंशी,ब्लॉक संरक्षक ओंकारलाल भारती,सुरेश सुनार्थी,गोवर्धनलाल परमार, ब्लॉक महासचिव दिनेश चरेड, चैनसिंह जमरा,जिला संयुक्त सचिव आनंद सूर्यवंशी,दलौदा कोषाध्यक्ष प्रभुलाल भारती,जिला प्रवक्ता नितिन परमार,मदन मालवीय,जिला महा सचिव प्रेमचंद बामनिया,जिला संयुक्त सचिव रामलाल जाटव,पंकज पंवार,आदि अन्य सैकडो की संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। उपस्थित सभी सदस्यों का आभार मंदसौर तहसील अध्यक्ष दिनेश सूर्यवंशी द्वारा व्यक्त किया गया।

# पिपलियामंडी में विभिन्न मांगो को लेकर अजाक्स ने दिया ज्ञापन

पिपलियामंडी, 28 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। अजाक्स संगठन ने विभिन्न मांगों के निराकरण की मांग लेकर एसडीएम के नाम तहसीलदार ब्रजेश मालवीय को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन का वाचन ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र कुमार चौहान ने करते हुए बताया कि पदोन्नति में आरक्षण रोस्टर नियमानुसार, मध्यप्रदेश में बैकलॉक के लगभग 104500 पदों की पूर्ति की जाए। मध्यप्रदेश न्यायिक सेवा में सिविल जजों की भर्ती अनुसूचित जाति जनजाति व पिछ्डा वर्ग के लिए निर्धारित आरक्षण के लिए पूर्व की भांति न्यायिक सेवा सिविल जजों की भर्तियां, आउटसोर्सिंग की प्रथा समाप्त कर नियमित नियुक्ति की जाए। एससी, एसटी के विद्यार्थियों को प्रत्येक माह 10 तारीख तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाए। अन्य राज्यों के भांति लोक सेवकों के हित में पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए। इस अवसर पर जिला संयुक्त सचिव सुनील कुमार राठौर, जिला महासचिव रामप्रसाद ईरवार, ब्लाक अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार चौहान, तहसील अध्यक्ष विजय कुमार देवडा, श्यामलाल जोगचंद, जयप्रकाश यादव, बापूलाल सोलंकी, नाथूलाल चौहान, दिनेश कुमार सोलंकी, समरथ राठौर, दिलीप मोटी, पटवारी आशीष चौरडिया, आनंद कुमार आर्य, श्यामलाल मालेचा, कारुलाल मेघवाल, नाहरसिंग सोनगरा, दिलीप वर्मा, महेश वर्मा, सत्यनारायण दायमा, दशरथ बोराना अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# किसान अपनी भूमि के रिकॉर्ड की समग्र एवं खसरे से ई- केवायसी करवाएं

नीमच, 28 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। म.प्र.शासन की भूमि संबंधी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए शासन द्वारा कृषि भूमिधारकों, किसानों को अपनी भूमि के रिकार्ड की समग्र एवं खसरा आधारित ई-के. वाय.सी. अनिवार्य किया गया है। अधीक्षक भू- अभिलेख नीमच ने किसानों से आगृह किया है कि ग्राम की कृषि भूमि के रिकार्ड में दर्ज सभी किसान भूमिस्वामी अर्थात सभी खातेदार , सहखातेदार समय पोर्टल के माध्यम से अपने समग्र आई.डी. तथा भूमि को अपने आधार नंबर के साथ ई-के.वाय.सी. अनिवार्य रूप से करवाये। किसान इसके लिए पावती (ऋण पुस्तिका), आधार कार्ड, समग्र आई.डी. के साथ अपने नजदीकी एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क सेंटर पर तत्काल ई-के. वाय.सी. (E-KYC) करायें। ई-के.वाय.सी. नहीं कराने पर आगामी समय में भूमि से संबंधित शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पायेगा। समग्र ई-केवाईसी और खसरा लिंकिंग की प्रक्रिया सर्वप्रथम समग्र पोर्टल (samagra.gov.in) ओपन करें। समग्र होम पेज में 'समय प्रोफाईल अपडेट करें'।उक्त आप्शन में 'एघधउ और भूमि लिंक करें'। इसके बाद अपने सभी खसरे को आधार तथा समग्र आई.डी. के साथ लिंक करें। उक्त प्रक्रिया भूमिस्वामी संबंधित पटवारी,सचिव, रोजगार सहायक के माध्यम से अथवा स्वयं भी अपने मोबाईल/कंम्प्यूटर से कर सकते है।


दिनांक 29 जुलाई 2024

अपनी कुण्डली स्वयं देखे- ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ

क्या आप जानते है..?



✻आदर्श वास्तु नियम के अनुसार मकान में सीढ़िया बनाने के लिये नैऋत्य कोण अर्थात भवन में दक्षिण पश्चिम का कोना सबसे उत्तम माना जाता है, यहाँ सीढ़िया बनाना गृह स्वामी के लिए शुभ है।

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर 7024667840,8085381720


## कलेक्टर जैन आज ई-जनसुनवाई करेंगे

नीमच, 28 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। कलेक्टर श्री दिनेश जैन प्रति सप्ताह सोमवार को ई-जनसुनवाई कर ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू होते हैं। इसी क्रम में आज सोमवार 29 जुलाई 2024 को कलेक्टणर श्री जैन कलेक्ट्रेट नीमच से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए मनासा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत अरनियामाली,नलखेडा ,अल्हेड, जालीनेर ,चुकनी के ग्रामीणों से रूबरू होकर, उनकी समस्याएं सुनेंगे और उनका निराकरण करेंगे। ई-जनसुनवाई सोमवार 29जुलाई 2024 को प्रात: 10 बजे से होगी।

## शिवघाट महादेव पर आज होंगे नौका विहार दर्शन

नीमच, 28 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। श्रावण के द्वितीय सोमवार को प्राचीन श्री शिवघाट महादेव मंदिर पर आशुतोष भगवान शिव का नौका विहार श्रृंगार किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए मंदिर समिति के मनोहरलाल गोयल ने बताया कि आज सावन के दूसरे सोमवार को षिवघाट महादेव भक्तों को नौका विहार में दर्षन देंगे। सायं 7 बजे आरती होगी। मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों और विद्युत साज सज्जा से श्रृंगारित किया गया है। श्रद्धालु भगवान के नयनाभिराम दर्शनों का लाभ लेवें।

# परिवार के साथ बैठ कीर्तन करें घर ही बैकुंठ बन जाएगा-स्वामीजी

मंदसौर, 28 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा मंदसौर पर दिव्य चातुर्मास पूज्यपाद 1008 स्वामी आनन्द स्वरूपानंदजी सरस्वती ऋषिकेश के सानिध्य में प्रारंभ हो चुका है। स्वामी जी द्वारा प्रतिदिन प्रात: 8.30 से 10 बजे तक श्रीमद् भागवद् महापुराण के एकादश स्कन्द का का वाचन किया जा रहा है।



रविवार को धर्मसभा को संबोधित करते हुए स्वामी श्री आनन्द स्वरूपानंदजी सरस्वती ने कहा कि हमें हमारें मन को भगवान की भक्ति में लगाकर मन और इंद्रियों को काबू में करना सिखना चाहिए। शास्त्रों के अनुसार सत्संग को सुने और ध्यान रखें कि संत महात्मो को सुनते समय श्रवण और दृष्टि दोनों उनकी ओर होना चाहिए। कीर्तन करते समय में आपके मन में रोमांच होना चाहिए प्रभु भक्ति में खो जाना चाहिए सांसारिक चीजों को भुलकर पूरी तरह से कीर्तन में रम जाना चाहिए। लेकिन हमारे साथ उल्टा है हम बैठगे जरूर सत्संग या कीर्तन में लेकिन हमारा मन तो सांसारिक जीवन में ही लगा रहता है इसलिए मोह को त्याग कर मन को एकाग्र कर सत्संग सुने और कीर्तन करें। स्वामीजी ने कहा कि आप आपके परिवार के साथ सुबह या शाम जब भी समय मिलें 10 से 15 मिनिट जब सभी घर के सदस्य घर में मौजूद हो तब एक साथ भगवान का भजन करें कीर्तन करें उनका नाम लें। इससे घर का वातावरण शुद्ध होगा मन में शांति आयेगी और आपका घर ही बैकुंठ बन जायेगा। जिस घर में पवित्र भाव से भगवान का नाम लिया जाता है वहां पर कभी अशांति नहीं होती है इसलिए परिवार के साथ बैठकर कीर्तन अवश्य करें।

**भगवान का जन्म नहीं होता है वे अजन्म है**-स्वामी जी ने बताया कि हम भगवान का जन्मोत्सव मनाते है यह केवल हमारे समझने के लिए है क्योंकि भगवान तो अजन्म है उनका जन्म नहीं होता है वे तो प्रकट होते है इसलिए भगवान का प्रकटोत्सव मनाया जाता है। संसार में पाप की समाप्ति हेतु भगवान प्रकट होते है। कार्यक्रम के अंत में भगवान की आरती उतारी गई एवं प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर जगदीशचन्द्र सेठिया, कारुलाल सोनी, पं षकरलाल त्रिवेदी, विक्रमसिंह झाला, जगदीश गर्ग, आर सी पंवार, इंजी आर सी पाण्डे, पं शिवनारायण शर्मा, प्रवीण देवडा, घनश्याम भावसार, शंकरलाल सोनी, रामचंद्र कोकन्दा, बाल किशन चैधरी, महेश गेहलोद सहित बडी संख्या में महिलाएं पुरूष उपस्थित थे।

# संस्कृत विषय में कॅरियर संबंधी कार्यशाला सम्पन्न





मंदसौर, 28 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर में स्वामी विवेकानन्द कॅरियर प्रकोष्ठ एवं युवा संसाधन प्रकोष्ठके अन्तर्गत 27 जुलाई 2024 को संस्कृत विषय में कॅरियर संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री नरेश जी चंदवानी ने कहा कि महाविद्यालय में अधिक से अधिक प्लेसमेंट संबंधी पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्रिप्स पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रारम्भ हुए बैंकिंग एवं मुद्रा पाठ्यक्रमों को पूर्ण करने पर सुनिश्चित रोजगार प्राप्त होंगे। महाविद्यालय में आगामी वर्ष में एम.बी.ए. एवं बी.एड. पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने हेतु किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी बताया । महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी. सी. गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस के उद्घाटन समारोह में युवा संसाधन केन्द्र का शिलान्यास किया गया, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थी कॅरियर संबंधी समस्त जानकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे। उन्होने विद्यार्थियों को उद्यम करने हेतु प्रेरित किया और कहा कि उद्यमशील व्यक्ति के सारे मनोरथ पूर्ण होते हैं। कार्यशाला में संस्कृत विषय के कॅरियर मार्गदर्शक एवं संस्कृत विभाग में सहायक प्राध्यापक डॉ. अनिल कुमार आर्य ने संस्कृत विषय में कॅरियर के अवसर एवं उच्च शिक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत प्रत्येक महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ की स्थापना ने संस्कृत विषय में रोजगार के अनेक मार्ग खोल दिए है। जिसके अन्तर्गत संस्कृत के प्राचीन ग्रन्थों में वर्णित विज्ञान को आज के समसामयिक विज्ञान से जोडकर नवीन शोधकार्य किए जा सकते हैं। अंत में महाविद्यालय के कॅरियर सेल एवं युवा संसाधन प्रकोष्ठप्रभारी प्रो. योगेश कुमार सैनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



# कारगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिकों ने नाहरगढ़ व पिपलियामंडी में श्रद्धाजंलि सभा आयोजित की

नाहरगढ़, 28 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला मंदसौर इकाई के तत्वाधान में व्यावसायिक नगर नाहरगढ में पूर्व सैनिकों द्वारा नाहरगढ नगर में बहुत ही भव्य, अलौकिक 25 वॉ कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कारगिल में अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले देश के वीर शहीद सैनिकों को याद किया गया। उनकी याद में उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए। देखने वाली बात यह रही कि नाहरगढ के पूर्व सैनिकों द्वारा अमर जवान ज्योति बनाई गई शहीदों की याद में इस अवसर पर पूर्व सैनिक एवं नगर वासी उपस्थित रहे । इस अवसर पर संगठन के मार्गदर्शक सूबेदार शंभू गिरी गोस्वामी , पूर्व सैनिक धर्मेंद्र सोनी, पूर्व सैनिक भेरूलाल धनगर ,पूर्व सैनिक रामप्रसाद गहलोत, पूर्व सैनिक जमनालाल सोनी सहित अनेक गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि व जननेता उपस्थित थे। आभार सेवानिवृत्ति सूबेदार शंभू गिरी गोस्वामी ने माना। ऐसा ही आयोजन पिपलिया मंडी अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला मंदसौर की तहसील इकाई मल्हारगढ के पूर्व सैनिकों ने पिपलिया मंडी टीला खेड़ा बालाजी मे (राष्ट्रीय ध्वज के नीचे) मनाया 25 वॉ कारगिल विजय दिवस पूर्व सैनिक संगठन द्वारा नगर वासियों एवं जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया । जिसमें नगर परिषद पिपलिया मंडी के अध्यक्ष सुनील देवरिया व भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष अशोक गुर्जर उपस्थित हुए और कारगिल में शहीद हुए बलिदानियों को श्रद्धा सुमन अर्पित करें बहुत ही जोरों शोरों से राष्ट्रभक्ति के गीत चलें व नारे गूंजे। सभी नगर वासी हुए राष्ट्रभक्ति में लीन इस अवसर पर आयोजनकर्ता अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद मल्हारगढ़ के तहसील प्रभारी ऋषि राज गुर्जर , संगठन उपाध्यक्ष ईश्वर पाटीदार, पूर्व सैनिक रूपचंद महावर, पूर्व सैनिक कमलेश देवड़ा, पूर्व सैनिक जितेंद्र सिंह सोनगरा, पूर्व सैनिक धर्मेंद्र सिंह , पूर्व सैनिक मंगल सिंह, पूर्व सैनिक प्रहलाद गुर्जर, पूर्व सैनिक रामनिवास धनगर उपस्थित रहे एवं सभी ने कारगिल के वीरों को कारगिल के युद्ध में बलिदान देने वाले बलिदानियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथाा भारत माता की जय जय कारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# दशपुर बीसा पोरवाल स्पोर्टर्स क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

मंदसौर, 28 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। दशपुर बीसा पोरवाल स्पोर्टर्स क्लब द्वारा बीसा पोरवाल समाज का बैडमिंटन टूर्नामेंट प्रारम्भ हुआ। टूर्नामेंट मे समाज के सभी वर्ग के लोगो ने बढ चढकर हिस्सा लिया, यह समाज लेवल पर होने वाला पहला बैडमिंटन टूर्नामेंट है जिसमें 8 साल से लेकर 60 साल की उम्र के कुल 132 महिला, पुरुष, युवा बच्चे खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है।

टूर्नामेंट का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप मे वरिष्ठ पत्रकार श्री घनश्याम बटवाल, श्री कुलदीप सिंह, श्री आशीष गुप्ता, श्री सौरभ सिंह शक्तावत, बीसा पोरवाल समाज श्री लोकेन्द्र जैन और सचिव श्री पवन जैन के दिप प्रज्वलित कर किया। आयोजन मे दशपुर बीसा पोरवाल सोश्यल ग्रुप के अध्यक्ष नितिन जैन (भावगढ वाला ) एवं सचिव पियूष जी जैन (पानवाला ) भी मौजूद थें राष्ट्र गान प्रश्वात टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। स्पोर्टर्स क्लब के अध्यक्ष शुभम पोरवाल नंदावता वाला) व सचिव संयम जैन ( भावगढ वाला), मार्गदर्शक नरेन्द्र जैन व मनीष जैन (कैसी ), संरक्षक शैलेश जैन, संयोजक नितिनरिछावरा , उपाध्यक्ष पियूष जैन ( नाहरगढ वाला ),विशाल जैन (अफजलपुर वाला), कोषाध्यक्ष सौरभ पोरवाल, सहसचिव आयुष जैन (पानवाला ), प्रवक्ता नितेश पोरवाल सभी युवराज क्लब मे उपस्थित थे। साथ ही संचालक मण्डल सदस्य कपिल जैन (गरोठ वाला), ईशान पोरवाल,पल्लव पोरवाल, अंशुल जैन (हवेली वाला), समी पोरवाल,मिलिंद पोरवाल, प्रनेह जैन (सीबी ज्वेलर्स), आकाश जैन, सौरभ जबराहशाह,



अर्पित पोरवाल (दलौदा), समीर उकावत,गौरव जैन, सत्री पोरवाल,अमन जैन, शोभित पोरवाल सभी वहां पर मौजूद थे। दो दिवसीय टूर्नामेंट मे प्रथम दिन सभी मैच डबल खेले गए। मेंस मे 8 ग्रुप, महिलाओं मे 6 ग्रुप, कपल्स मे 3 ग्रुप, और बच्चों मे 10 ग्रुप क्वार्टर फाइनल मे पहुचे । द्वितीय दिवस महिलाओ, बच्चों, पुरुष एवं युवाओं के सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले जायेंगे। विजेता और उपविजेता को गोल्ड मैडल और ट्रॉफी दी जाएगी और प्रतियोगिता मे हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों को पार्टिसीपेशन सिर्टिफिकेट दिया जायेगा।



# भूतपूर्व सैनिक संगठन ने शौर्य स्मारक बनाने मांग की

सुवासरा, 28 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। भूतपूर्व सैनिक संगठन शामगढ -सुवासरा गरोठ -भानपुरा द्वारा नगर परिषद के सामने अस्पताल के पास बनाये जा रहे शिवाजी पार्क में शौर्य स्मारक के निर्माण हेतु अलग से जगह प्रदान करने के लिए नगर परिषद अध्यक्ष एवं सीएमओ संजय सिंह राठौर को ज्ञापन दिया गया । जिसमे भूतपूर्व सैनिकों द्वारा मांग की गई कि अन्य नगरों की तरह नगर में भी शौर्य स्मारक का निर्माण होना चाहिए।जिससे राष्ट्रीय पर्व पर हम वीर जवान शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर सके एवं उनकी याद में कार्यक्रमों का आयोजन कर सके। जिससे युवाओं एवं बच्चों में देश प्रेम की भावनाओं का प्रचार प्रसार हो सके। नगर परिषद अध्यक्ष एवं सीएमओ ने आश्वासन दिया कि नगर परिषद की अगली बैठक में प्रस्ताव पारित कर शौर्य स्मारक हेतु निर्णय लिया जाएगा। इस अवसर पर गोवर्धन सिंह सिसोदिया, भगवान सिंह, अखिल मंसूरी, शिवराज सिंह तंवर, निर्मल डारिया, प्रेम सिंह, मिथिलेश सिंह परिहार श्री लाल धाकड, कुलदीप राठौर आदि भूतपूर्व सैनिक तथा अरविंद जोशी आदि उपस्थित थे। भूतपूर्व सैनिक गोवर्धन सिंह सिसोदिया ने नगर परिषद का आभार व्यक्त किया।

## क्षेत्र में झमाझम बारिश से नदी नालों में आया पानी किसानों के चेहरों पर लौट आई रौनक

मेनपुरिया, 28 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। ग्रामीण मैनपुरीया में लगातार उमस भरी गर्मी के बाद झमाझम बारिश से किसानों के चेहरों पर रौनक लौट आई। लंबी खेच के बाद किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार था। जो गुरुवार को खत्म हुआ। तेज बारिश से तालाब व नदियों में आया पानी फसलों को भरपूर पानी मिलने से किसानों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। बारिश ने फसलों को नया जीवनदान दिया और किसानों को राहत प्रदान की।

# राजपूत समाज की नगर कार्यकारिणी गठित



मंदसौर, 28 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। पदमावती गर्ल्स हॉस्टल पर जिला राजपूत समाज की बैठक में नगर इकाई की कार्यकारिणी नगर निर्वाचन अधिकारी श्री सज्जनसिह चौहान, के.के. सिंह भाटी, महेंद्र सिंह राठौर की उपस्थिति में नगर इकाई में सर्वसम्मति से नगर अध्यक्ष श्री दिग्विजय सिंह सिसौदिया, चार उपाध्यक्ष पदों पर श्री कुशाल सिंह शक्तावत, श्री जितेन्द्र सिंह राणा, श्री विजय सिंह पुरावत एवं हनुमंतसिह राणावत, सचिव नेपाल सिंह राणावत, कोषाध्यक्ष महेंद्रसिंह सोलंकी, संगठन सचिव श्री भारत सिंह पंवार, सह सचिव श्री इंद्रपालसिंह सिसोदिया, प्रवक्ता श्री शैलेन्द्र अर्जुनसिंह राठौर, प्रचारसचिव श्री लक्ष्मणसिंह चुंडावत, कार्यकारिणी सदस्य श्री महिपालसिह सिसौदिया, श्री अरविंदसिंह राठौर, श्री विजय सिंह राठौर, श्री ज्ञानसिंह राठौर, श्री इन्द्र सिंह राणावत, श्री युवराजसिंह पंवार, श्री विरेन्द्र सिंह चौहान, श्री कुलदीपसिह शक्तावत, श्री भानुप्रताप सिंह सोलंकी, श्री श्याम सिंह गुडभेली चुने गए। नगर इकाई के सर्व सम्मति से निर्वाचन पर सभी वरिष्ठजनों ,सक्रिय सदस्यों, मोहल्ला प्रभारियों का आभार निर्वाचन अधिकारी श्री सज्जनसिह चौहान द्वारा किया गया। उक्त जानकारी नगर प्रवक्ता शैलेन्द्र अर्जुनसिंह राठौर द्वारा दी गई है।

## शर्मिन्दा...!

मंदसौर, 28 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। बंसी ने अपने सजातीय रमेश से कहा , ' दोस्त शहर में कहीं ढंग का एक प्लाट हो तो बताना मकान बनाकर यहीं रहना पड़ेगा।'



रमेश ने तलाश कर एक विश्वसनीय व्यक्ति का नाम व प्लांट बंसी को बता दिया और प्लांट पंजीकृत कराने के साथ ही नामांतरण करवाने आदि की प्रक्रिया में उसका साथ दिया। मकान बनवाने के लिए बंसी को बैंक से कर्ज के लिए जमानतदार की आवश्यकता हुई। बंसी ने अपने मिलने वालों से कहा तो सबने कोई न कोई बहाना बनाकर कन्नी काट ली। उसने फिर रमेश को फोन लगाया तो रमेश अपने सारे काम छोड बैंक गया और जमानतदार के हस्ताक्षर किये। मकान के उद्घाटन सम्पन्न होने के बाद रमेश व दो चार परिचित बैठकर मकान के बारे में रमेश के अच्छे सहयोग की बात कर रहे थे कि बंसी उनकी बात काटते बीच में बोल पड़ा , ' रमेश ने तो मुझे प्लाट दिलवाने में सामने वाली पार्टी से दलाली ली है इसलिए तो इतना जल्दी उसने प्लाट बेच दिया और इसने रजिस्ट्रार , बैंक आदि के कार्य करवा दिये। वर्ना कोई भी लालच के बिना इतना सारा काम करवाता थोडे ही है।' रमेश ने बंसी के मुंह से ऐसा सुना तो ऐसा लगा मानो उसने इसके कान में गर्म गर्म शीशा उंडेल दिया हो। उसने इतना कहा , ' आप ये झूंठ कह रहे हो बंसी, सौदे की बात तो तुम दोनों ने आपस में की थी मैंने तो आपको उसका नाम बताया भर था उसके बाद तुमने सहयोग के लिए जब जब जहां जहां बुलाया मैं सहयोग करने आ गया तो क्या मैंने गुनाह कर दिया। ' यह कह निराश हो सबके सामने शर्मिंदगी महसूस कर वह वहां से चल दिया।

दोस्तों ने बंसी से कहा , ' तुमने गलत बात उससे कही है , वह तो समय आने पर सबके सहयोग के लिए तैयार रहता है , इस बात के लिए तुमको उससे माफी मांगना चाहिए। ' एक सजातीय रमेश से अनुनय-विनय कर उसे बाइक से वापस लाया बंसी ने अपने कहे पर शर्मिन्दा हो सबके सामने हाथ जोड उससे क्षमा मांगी।

-भगवती प्रसाद गेहलोत, पिपलियामंडी



## गुलमोहर का पेड़ उखड़कर कंट्रोल रूम में मंदिर की छत पर गिरा

**मंदसौर, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पिछले दिनों हुई बारिश और हवा के चलते रविवार को कंट्रोल रूम परिसर में स्थित गुलमोहर का पड़ उखड़ गया। जड़ सहित उखड़ने पर पेड़ यहां स्थित बालाजी मंदिर की छत पर जा गिरा। इससे मंदिर के गेलरी के हिस्से का कुछ भाग क्षतिग्रस्त हुआ है। बाद में पेड़ को हटाने की कार्रवाई गई। पेड़ काटने वाले को बुलाकर मंदिर की छत से पेड़ के भाग को हटाया गया।



## धूमधाम से निकली ध्वजा यात्रा

**मंदसौर, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जंगली बालाजी भक्त मंडल द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अच्छी वर्षा की कामना को लेकर 18वीं ध्वजा यात्रा अंबेडकर चौराहा स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर से आरती के पश्चात प्रारंभ हुई जो की नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए माँ नालछा रानी के दरबार पहुंची जहा भक्तों की भारी भीड़ के साथ माता रानी को ध्वजा अर्पित की गई। यात्रा गाजे बाजे के साथ भक्तगण सैकडों की संख्या में माता रानी के दरबार पहुंचे सभी ने ध्वजा अर्पित कर सामूहिक प्रसादी भोज भी नालछा माता मंदिर प्रांगण में किया। इस अवसर पर विनय दुबेला, राजाराम तंवर, विनोद रूनवाल, रमेश सोनी, मांगीलाल सोलंकी, उदयभान सुराह, जंगली बालाजी भक्त मंडल के संरक्षक गोविंद नागदा, रूपलाल खींची, भगवती प्रसाद सुहाना, अध्यक्ष अनिल सुराह, सचिव महेंद्र सिंह सिसोदिया, उपाध्यक्ष कपिल सोलंकी, राष्ट्रीय कवि मुन्ना बैटरी, अनूप माहेश्वरी आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी यात्रा प्रमुख रवि ग्वाला द्वारा दी गई।

# चाय की पत्ती के पैकेट में मिली ड्रग

## सीबीएन ने जब्त किया पाउडर, एक गिरफ्तार

**मंदसौर, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स (सीबीएन) सिंगोली के अधिकारियों ने यात्री प्रतीक्षालय गांव जोदमी के पास गरोठ-भानपुरा रोड पर एक व्यक्ति को रोककर उसके पास से 1.064 किलो मेथामफेटामाइन पाउडर जब्त किया। एक अन्य कार्रवाई में 200 ग्राम पाउडर जब्त किया। सीबीएन को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति लखनऊ/दिल्ली से मेथामफेटामाइन पाउडर लाया है। इसे एमपी के पंजीकरण वाली बाइक से किसी अन्य तस्कर को देगा। गरोठ-भानपुरा रोड पर सीबीएन सिंगोली एवं नीमच के अधिकारियों की टीम ने निगरानी रखी।

संदिग्ध मार्ग पर व्यक्ति की पहचान होने के बाद अधिकारियों ने यात्री प्रतीक्षालय गांव जोदमी के पास गरोठ-भानपुरा रोड पर उसको रोका। व्यक्ति और उसकी बाइक की गहन तलाशी ली और 1.064 किलोग्राम वजन वाले मेथामफेटामाइन पाउडर के 3 पैकेट जब्त गए। आरोपी चायनीज चार पत्ती के पैकेट में पाउडर ले जा रहा था। कानूनी औपचारिकता के बाद अधिकारियों ने आरोपी को गिरफ्तार किया। एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ की। वहीं एक अन्य कार्रवाई में सीबीएन नीमच के अधिकारियों ने छोटी सादड़ी-प्रतापगढ़ रोड पर गांव गोमाना, तहसील-छोटी सादडी, जिला चित्तौड़गढ़ के पास एक व्यक्ति को रोका और 200 ग्राम मेथामफेटामाइन जब्त किया। मेथामफेटामाइन पाउडर एक सफेद, गंधहीन, कडवा स्वाद वाला क्रिस्टलीय रूप में होता है जो पानी या शराब में आसानी से घुल जाता है। मेथामफेटामाइन को 20वीं सदी की शुरुआत में इसकी मूल दवा, एम्फैटेमिन से विकसित किया था। इसका इस्तेमाल मूल रूप से सर्दी-खांसी की दवा और ब्रोन्कियल इनहेलर में किया जाता था।

### चीतों के बाड़े की गुणवत्ता पर सवाल...

## दीवार हुई ज़मींदोज, तीस करोड़ से बनाया है बाड़ा

**मंदसौर, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शिवपुरी स्थित कुनो नेशनल पार्क के बाद नीमच मंदसौर जिले के गांधी सागर अभ्यारण क्षेत्र में भी चीतों को बसाने की तैयारी की जा रही है। वन विभाग द्वारा चीतों की सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग कर बाडे का निर्माण किया गया है। मगर निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर आज उस समय सवाल खडे हो गए। जब बारिश के दौरान उत्तर फेंसिंग की दीवार मामूली पानी के बहाव में ही ढह गई। नीमच जिले के हिस्से के आने वाले गांधी सागर अभ्यारण क्षेत्र के रावली कुडी के समीप तार फेंसिंग कर दीवार गिर गई। इस घटना ने निर्माण की देखरेख में वन विभाग की लापरवाही ओर घटिया निर्माण को उजागर कर दिया। गौरतलब है कि करीब 30 करोड़ रुपए की लागत से गांधी सागर अभ्यारण में चीतों को बसाने के लिए बाड़े का निर्माण किया गया हैं। जिसे सीसी के साथ लोहे की एंगल लगाकर तार फेंसिंग की गई है। जिससे जब चीतों को यहां बसाया जाए तो वे बाहर न निकल पाए। बताया जा रहा है कि फेंसिंग की दीवार क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिलने पर क वन कर्मी मौके पर पहुंचे और तार फेंसिंग को ठीक करने का प्रयास किया गया है।

### मामला आईटी रिटर्न भरने का...

# परेशानी : दिन बचे दो, हैंग हो रहा सर्वर

**मंदसौर, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। असेसमेंट ईयर 2024-25 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने में महज तीन दिन बचे हैं, पर आयकर विभाग के सर्वर की परेशानियां कम नहीं हो रही हैं। शनिवार अलसुबह 3 बजे सर्वर का मेंटेनेंस किया किया। वहीं सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक फिर से सर्वर ठप रहा।**

इस दौरान जिस फाइलिंग में 10 से 12 मिनट लगते हैं उसमें 20 से 30 मिनट तक लग रहे थे।सर्वर में लगातार परेशानी की वजह से न केवल टैक्सपेयर परेशान हो रहे हैं बल्कि कर सलाहकार भी दिन में 10 से 12 घंटे काम करने को मजबूर हैं। कर सलाहकार या तो देर रात काम कर रहे हैं या सुबह जल्दी उठकर रिटर्न फाइल कर रहे हैं ताकि सर्वर की अच्छी स्पीड मिल सके। शनिवार को आईटी पोर्टल के ऑफलाइन फॉर्मेट (यूटिलिटी) में कुछ बदलाव किए गए हैं। संभवत: इस कारण से यह पोर्टल कई घंटों तक डाउन था।वरिष्ठसीए राजेश जैन के मुताबिक सर्वर में लगातार परेशानियां हैं। ओटीपी ऑथेंटिकेशन नहीं हो पा रहा है। 10 मिनट में होने वाला काम दोगुने से तिगुने टाइम में हो रहा है। कई फाइलें पेंडिंग हैं।

### इस प्रकार की दिक्कतें आ रहीं हैं?

- ✻ पोर्टल में लॉग इन में लगातार दिक्कत।
- ✻ एआईएस और 26 एएस डाउनलोड में दिक्कत।
- ✻ बार-बार पेज हैंग होना।
- ✻ रिटर्न फाइल होने के बाद ओटीपी से आधार ऑथेंटिकेशन में दिक्कत।

# नदी नालों के उफान पर आने का इंतजार, बरसते रहे बदरवा

**मंदसौर, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** महाउजमनी के माध्यम से शुक्रवार को रुठे मानसून को मनाने के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई। शनिवार को दिनभर बूंदाबांदी तो कहीं तेज बारिश हुई। मंदसौर की बात करें तो यह क्रम रात दस बजे तक चला। इसके बाद रविवार को भी दिनभर बादल छाए रहे। दोपहर साढ़े तीन बजे तेज बारिश शुरु हुई। इसी तरह से रुक रुककर बारिश का दौर चलता रहा। बात करें नदी और अन्य जलस्त्रोतों की तो फिलहाल अभी इनके उफान पर आने का इंतजार है। अभी जलस्त्रोतों को काफी पानी की दरकार है। हालांकि फसलों को लेकर मानसून की आमद से किसानों की चिंताए कुछ हद तक कम हुई है। मौसम विभाग, भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, 'मानसून ट्रफ लाइन ग्वालियर से सीधी होकर जा रही है, जो आगे लो प्रेशर एरिया में मर्ज हो रही है। बंगाल के ऊपर एक लो प्रेशर भी एक्टिव है। आने वाले दिनों में यह आगे बढ़ेगा। मध्य भारत से जैसे ही यह गुजरेगा, मध्यप्रदेश में बारिश का दौर बनेगा। एक अन्य ट्रफ लाइन भी है, जिसकी एक्टिविटी 31 जुलाई से देखने को मिल सकती है। स्ट्रॉन्ग सिस्टम की वजह से प्रदेश में फिर भारी बारिश होगी। 29-30 जुलाई को तेज बारिश का अलर्ट नहीं है।

**चौबीस घंटे में तीन इंच**–जिले में 24 घण्टों में सवा 3 इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई है। रविवार सुबह आठ बजे तक की बात करें तो जिले में औसत बारिश का आंकड़ा 14.23 इंच तक पहुंच गया है। हालांकि आज सुबह से बारिश थमी हुई है। मौसम जानकारों ने आज भी जिले में बारिश का अलर्ट जारी किया है। जिले में अधिकतम तापमान 27 डिग्री व न्यूनतम 24 डिग्री के आसपास बना हुआ है।

# सोने के दाम फिर बढ़े, पहुंचा 71400 रु. प्रति दस ग्राम

**मंदसौर, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** बजट के बाद लगभग चार हजार रुपए तक गिरे सोने के भाव एक बार फिर बढ गए। सोना करीब 74 हजार रुपए प्रति दस ग्राम से 70 हजार रुपए के करीब पहुंच गया था। बजट के दो दिन में ही यह गिरावट दर्ज की गई। अनुमान लगाया जा रहा था कि भाव और गिरेंगे। लेकिन सोने ने एक बार फिर गेयर बदल दिया। सोने के दाम 71400 रुपए प्रति दस ग्राम पहुंच गए। चांदी के भाव में भी बढोतरी हुई है।

शनिवार को सोने और चांदी के दामों में बढ़ोतरी देखी गई। रविवार को बाजार बंद रहा। सप्ताह के अंत में इंदौर में सोना केडबरी के दाम नकद में 71400 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गए। चांदी चौरसा भी 84000 रुपए किलो पर पहुंच गई। सराफा बाजार के प्रमुख कारोबारियों ने सोने और चांदी के रेट में बढोत्तरी के कारण भी बताए। सराफा व्यापारियों के अनुसार विदेशों में मजबूती, सोने चांदी के दामों में इजाफे की सबसे प्रमुख वजह रही। कीमतें बढने का बाजार पर भी असर देखा गया, ग्राहकी कम रही। डॉलर में मजबूती, छोटे निवेशकों की लेवाली, सटोरियों की सौदे बाजी से सोना-चांदी वायदा उछला। अंतरराष्ट्रीय बुलियन वायदा मार्केट में सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस शुक्रवार को उछाल देखा गया जिसका असर बाजार पर देर रात ही दिख गया था। कामेक्स पर सोना वायदा 13 डालर बढक़र 2387 डालर प्रति औंस हो गया जबकि चांदी वायदा 27.92 डालर प्रति औंस पर बंद हुआ। इसका असर इंदौर सहित भारतीय बाजारों में शनिवार को दिखाई दिया।इस बीच घटी कस्टम ड्यूटी के साथ सोने की पहली आयातित खेप सोमवार को आएगी। कारोबारियों ने बताया कि बजट में घटी हुई ड्यूटी पर सोने और चांदी का पहला कंसाइमेंट 29 को भारत आने की संभावना है।

## माध्यमिक से उच्च माध्यमिक शिक्षकों की काउंसलिंग आज

**मंदसौर, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** माध्यमिक शिक्षकों को उच्च पद का प्रभार देने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग आज सोमवार 29 जुलाई को काउंसिलिंग आयोजित कर रहा है। काउंसिलिंग संभाग स्तर से होगी और जिला शिक्षा अधिकारी अपने-अपने जिलों में रिक्त पदों की सूची जारी करेंगे। जिला उत्कृष्ट स्कूल और सीएम राइज स्कूल में पदस्थ शिक्षकों को वहीं उच्च पद का प्रभार दिया जाएगा। काउंसिलिंग सुबह 11 बजे शुरू की जाएगी। शिक्षकों से सुबह 10 बजे काउंसिलिंग स्थल पर पहुंचने को कहा गया है। देरी से पहुंचने वालों को किसी स्कूल विशेष के चयन का अधिकार नहीं होगा।डाइट, सीटीई, आइएएसई में पदस्थ लोक सेवकों को संस्था में ही रिक्त पद पर प्रभार दिया जाएगा, लेकिन यह लाभ उन्हें ही मिलेगा, जो एमएड या एमए एजुकेशन योग्यता रखते हों। उच्च माध्यमिक शिक्षक के लिए बीएड योग्यता अनिवार्य की है। बीटीसी, बीटीआई, डीएड या अन्य उपाधि के लोक सेवकों को काउंसिलिंग में शामिल नहीं किया जाएगा। जो शिक्षक उच्च पद का प्रभार लेने की इच्छा नहीं रखते हैं, उनसे असहमति पत्रक के साथ वचन पत्र भरवाया जाएगा।

## मनु भाकर ने खोला भारत का खाता, जीता कांस्य

**पेरिस, 28 जुलाई।** मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में भारत के पदक का खाता खोल दिया है। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में 221।7 के स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। फाइनल में मनु ने शुरू से ही तीसरा स्थान बरकरार रखा और तीसरा स्थान ही हासिल किया। इस स्पर्धा का स्वर्ण और रजत पदक दक्षिण कोरिया की दो एथलीट्स ने जीता। ओह ये जिन 243।2 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक और किम येजी ने 241।3 के स्कोर के साथ रजत पदक अपने नाम किया।

मनु भाकर क्वालिफिकेशन राउंड में भी तीसरे स्थान पर रही थीं। वह शूटिंग में भारत को ओलंपिक पदक दिलाने वाली भारत की पहली महिला एथलीट हैं। इसके साथ ही उन्होंने शूटिंग में भारत के पदक के 12 साल के सूखे को भी खत्म किया। 2012 लंदन ओलंपिक में गगन नारंग और विजय कुमार ने शूटिंग में पदक जीता था।

**अर्जुन बाबुता ने फाइनल में प्रवेश किया**–भारत के अर्जुन बाबुता ने 10 मीटर एयर राइफल पुरुष क्वालिफिकेशन में सातवें स्थान पर रहने के साथ ही फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। बाबुता ने कुल 630।1 अंक बनाए। हालांकि, एक अन्य भारतीय संदीप सिंह 629।3 अंक के साथ 12वें स्थान पर रहे और फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सके।

## पत्नी को पीटा, पति पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** 13 वर्ष बाद ससुराल गई पत्नी को पीटा, पुलिस ने पति पर केस दर्ज किया। मंजूबाई पति पदमसिंह सोंधिया ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरा विवाह 18 वर्ष पूर्व तुरकिया निवासी पदमसिंह के साथ हुआ था। पारिवारिक विवाद के कारण 13 वर्ष से पीयर सगराना (नीमच) थी। पुलिस ने आरोपी पति पर केस दर्ज किया।

# छोटे-छोटे व्यवसाय से जोड़कर स्वावलंबी बना रहे-सांसद गुप्ता

## भारत विकास परिषद द्वितीय दिवस कला उत्सव मेला



**मंदसौर, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** भारत विकास परिषद मंदसौर द्वारा आयोजित कला उत्सव मेले के द्वितीय दिवस रविवार को भी महिलाओं की भीड़ देखी गई।

द्वितीय दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि भारत विकास परिषद वास्तव में भारत विकास के मिशन को लेकर युवाओं और मातृशक्ति को निरंतर आगे बढ़ाने के पर्याप्त अवसर प्रदान कर रहा है। रक्षा बंधन के अवसर पर आयोजित कला उत्सव मेला इसी का एक प्रत्यक्ष उदाहरण है ,जिसमें महिलाओं को छोटे-छोटे व्यवसाय से जोड़कर स्वावलंबी बनाना है । महिलाओं मे आत्मविश्वास के साथ स्वयं को व्यवसाय से जुड़ने की कला विकसित करना है । भारत विकास परिषद निरंतर रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्य करता रहता है। आज यह कला उत्सव मेला जहां एक और पारिवारिक भाव के साथ मातृशक्ति को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए एक सराहनीय कदम साबित होगा ,वहीं दूसरी ओर यह मेला नगर के स्थानीय दुकानदारों, व्यवसायियों को एक मंच प्रदान कर रहा है, जिससे एक अवसर मिल रहा है और आगे बढ़ाने के लिए भारत विकास परिषद इन सभी को एक स्थान एक मंच पर एकत्र करके इनमें आत्मविश्वास की वृद्धि भी कर रहा है। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रमा देवी गुर्जर ने स्टॉल संचालक महिलाओं को दुप्पटा पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत भी उपस्थित थे। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष मनोज मेहता, देवेन्द्र मरच्या अध्यक्ष अजय शर्मा ,दीपक सैनी,, नवीन चौधरी,कमलेश संगतानी, सुभाष गुप्ता,दिलीप सेठिया, नरेन्द्र कुमार त्रिवेदी,जगदीश काला एडवोकेट गौरव रत्नावत,विष्णु सोलंकी,निखिल मांदलिया,मेला संयोजक श्रीमती रेखा पोरवाल,श्रीमती नीता सोलंकी, कल्पना मेहता कार्यक्रम का संचालन दीप्ति व्यास ने किया एवं आभार डाक्टर आशीष अग्रवाल ने माना।

## ऐप बताएगा, आप सरकारी योजना के लिए पात्र या नहीं

**मंदसौर, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पाने के लिए आप पात्र हैं या नहीं? ये अब किसी दफ्तर, अधिकारी या बिचौलिए के पास जाकर पूछने की जरूरत नहीं है। मोबाइल एप्लिकेशन से आप पूरी जानकारी पा सकते हैं। पात्रता ऐप नाम से गूगल प्ले स्टोर पर यह ऐप है। अब तक 10 विभागों की योजनाएं इसमें शामिल की जा चुकी हैं। जल्द ही सभी विभागों की योजनाओं की जानकारी इसमें अपलोड हो जाएंगी।पात्रता ऐप से आसानी से पता लग जाएगा कि कौन किस योजना के लिए पात्र है। इतना ही नहीं, आवेदन कैसे और कहां करना पड़ेगा, कौन से जरूरी दस्तावेज लगेंगे, यह जानकारी भी इस ऐप में मौजूद है।

**36 हजार ने किया उपयोग, 15 हजार डाउनलोड**–पात्रता ऐप का उपयोग करने वालों की संख्या गांवों में लगातार बढ़ रही है। अब तक 36 हजार नागरिकों ने इसका उपयोग किया है। 15 हजार से ज्यादा लोगों ने इसे डाउनलोड किया है।

# शराब तस्करी में धराए आरोपियों को भेजा जैल

**पिपलियामंडी, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने बाइक सवार दो आरोपियों को 60 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को कोर्ट ने जेल भेजने के आदेश दिए। टीआई नीरज सारवान ने बताया मुखबिर की सूचना पर पुलिस चोकी एएसआई शिवकुमार राजावत ने सोनी गांव से ब्रिज के नीचे बाइक से जा रहे दो युवकों को रोका, तलाशी लेने पर प्लास्टिक की दो केनों में भरी 30-30 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपनी पहचान तेजमल (21) पिता राधेश्याम बावरी व राहुल (21) पिता समरथ बावरी होना बताई। आरोपियों से शराब व बाइक जब्त कर रविवार को कोर्ट में पेश किया। जिन्हें जेल भेजने के आदेश हुए। अन्य मामलों में मल्हारगढ़ पुलिस ने 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ चंगेरी निवासी रामसिंह पिता जगन्नाथ बावरी को, 7 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ सिंदपन निवासी विक्रमसिंह पिता केसरसिंह परिहार व 16-16 क्वार्टर के साथ जेतपुरा निवासी जीवनलाल पिता बगदीराम मालवीय व लसुड़िया कदमाला निवासी कारुलाल पिता गोर्धनलाल मेघवाल को पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।

## अभ्यास प्रश्न शिक्षक करें तैयार

**मंदसौर, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** स्कूलों में पढ़ाई जा रही एनसीईआरटी की किताबों में विद्यार्थियों के लिए अभ्यास प्रश्न कम हैं, इसकी वजह से विद्यार्थियों की प्रैक्टिस नहीं हो पाती है। इसलिए अब स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षकों से कहा है कि वह अपने स्तर पर अभ्यास प्रश्न बनाएं और इनके जरिए विद्यार्थियों से प्रैक्टिस कराएं। ताकि विद्यार्थियों की विषयगत दक्षता में वृद्धि हो सके। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय के डायरेक्टर डीएस कुशवाह ने प्रदेश के सभी डीईओ को दिशा-निर्देश जारी किए हैं।बता दें कि प्रदेश में वर्ष 2017 से एनसीईआरटी का कोर्स लागू है। शिक्षकों द्वारा अफसरों को यह बताया गया था कि एनसीईआरटी की किताबों में अभ्यास प्रश्न कम संख्या में होते हैं। इससे विद्यार्थियों का पर्याप्त अभ्यास नहीं हो पाता है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए डीईओ को निर्देश दिए गए हैं। जिला स्तर पर विषयवार टीम बनाकर अतिरिक्त अभ्यास प्रश्नों का निर्माण कराया जाएगा। प्रश्न निर्माण में ज्ञानात्मक, अनुप्रयोगात्मक एवं संख्यात्मक प्रश्नों का निर्माण इन टीमों द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही डीईओ स्कूल निरीक्षण के साथ यह भी देखेंगे कि शिक्षकों ने अभ्यास प्रश्नों का निर्माण कर उनसे कक्षा में अभ्यास कराया है या नहीं।

## अपहरण व दुष्कर्म के तीनों आरोपियों को भेजा जैल

**पिपलियामंडी, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नाबालिग बालिका को भगाने व संरक्षण देने के मामले में गिरफ्तार महिला सहित तीनों आरोपियों को कोर्ट ने जेल भेजने के आदेश दिए। आरोपियों के खिलाफ अपहरण के साथ ही पोक्सो एक्ट व दुष्कर्म की धाराओं में केस दर्ज किया है। पिपलिया टीआई नीरज सारवान ने बताया 30 जून 2024 को पिपलिया झोपड़ पट्टी लापता हुई नाबालिग बालिका को पुलिस ने बड़ोदा से बरामद किया था। बालिका को बड़ोदा भेजने वाले झोपड़ पट्टी निवासी महेन्द्र उर्फ गोलू पिता पर्वतसिंह राजपूत के साथ ही बड़ोदा में बालिका को संरक्षण देने वाले मनाहेम उर्फ मनीष पिता योहान क्रिश्चन व एक महिला को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों को रविवार को कोर्ट में पेश किया, जिन्हें मंदसौर जैल भेजने के आदेश हुए।

# देश के 80 करोड़ शोषित पीड़ित ग्राहकों तक पहुंचेगा ग्राहक पंचायत- दिनकर सबनिस

### अभा ग्राहक पंचायत की प्रांतीय बैठक संपन्न



**मंदसौर, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला अध्यक्ष नवनीत शर्मा ने बताया कि ग्राहक पंचायत देश भर में ग्राहकों के हित में व उन्हें न्याय दिलाने हेतु कार्य कर रही है। जिसको लेकर समय-समय पर आंदोलन किए जाते हैं इन विषयों को लेकर आज मंदसौर में ग्राहक पंचायत की प्रांत की बैठक संपन्न हुई ।बैठक में मालवा प्रांत के 16 जिलों के 80 अपेक्षित पदाधिकारी ने भाग लिया ।कार्यक्रम तीन सत्र में संपन्न हुआ ।

सर्वप्रथम अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री दिनकर जी सबनीस का कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। दिनकर जी ने कहा कि ग्राहक पंचायत की स्थापना को 50 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं जिसे स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप मनाया जा रहा है।आज देश में 80 करोड लोग हैं जो शोषित पीड़ित है,ऐसे लोगों तक ग्राहक पंचायत को पहुंचना होगा और हमको शोषित होने से जागरूक करना होगा।ग्राहक आंदोलन को जन आंदोलन बनाना होगा।आम ग्राहकों और अधिक जागरूक करना होगा ।ग्राहक आंदोलन को मजबूत करना होगा। शोषित पीड़ित ग्राहकों तक पहुंचना होगा पंचायत स्तर तक भी ग्राहक पंचायत का गठन करना होगा।दिनकर जी ने कहा कि देश में ऑनलाइन व्यापार चरम पर है, ग्राहकों के साथ ठगी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। हमें इस और भी ग्राहकों को जागरूक करना होगा। प्रथम सत्र में ग्राहक पंचायत के मालवा प्रांत के सचिव बहादुर सिंह राजपूत एवं प्रांत उपाध्यक्ष ओंकार लाल जी देवड़ा मंचासीन थे। प्रथम सत्र में इकाई के कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। साथ ही आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई ।सभी जिलों द्वारा अपने जिले में किए गए कार्यों का व्रत प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र में मालवा प्रांत के संगठन मंत्री मुकेश जी कौशल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। मुकेश जी कौशल ने महिला आयाम बनाने हेतु जोर दिया। ग्राहकों के हित में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण रहता है इसलिए महिला इकाई महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें। अपने कार्यों को विशेष रूप से प्रचार प्रसार करें। ग्राहकों के अधिकारों की रक्षा करना हम सभी कार्यकर्ताओं कार्यकर्ताओं का नैतिक दायित्व है इसलिए ग्राहक आंदोलन को और अधिक मजबूत करें।जिले में लगातार कार्यकर्ताओं केप्रशिक्षण हेतु कार्यशाला का आयोजन करते रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। उसके पश्चात संगठन के सभी पदाधिकारी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। मंदसौर जिले का व्रत जिला सचिव विजय कोठारी ने रखा।संगठन का ग्राहक गीत जिला प्रचार प्रमुख आशीष भाटिया ने गाया। कार्यक्रम का संचालन विधि प्रमुख उमराव सिंह जैन ने किया। अंत में आभार ग्राहक पंचायत जिला अध्यक्ष नवनीत शर्मा ने माना।

### गरोठ टीआई लाईन...

पेज 1 से जारी

की नापसंदगी के कारण ही टीआई को हटाया गया है। हालांकि चर्चा और कार्रवाई अलग–अलग जगह है। पुलिस कप्तान अनुराग सुजानिया के आदेश पर गरोठ थाना प्रभारी प्रभात गौड़ को लाइन हाजिर कर दिया गया ।अचानक लाइन हाजिर करने के पीछे की वजह किसी को पता नहीं है। स्थानीय अधिकारियों द्वारा भी मामले में कोई वजह नहीं बताई है। प्रभात गौड़ के थाना प्रभारी बनने के बाद चोरी एवं सट्टे पर पुलिस ने कंट्रोल किया था, बीते दिनों संपन्न हुए सभी त्योहार शांतिपूर्वक आयोजित हुए हैं। इसके बाद जो अचानक हुए लाइन हाजिर को लेकर पुलिस महकमे में भी अलग–अलग तरह की चर्चाएं चल रही है। कप्तान ने नए थाना प्रभारी के रूप में लाईन से धर्मेश शिवहरे को भेजा है, जो पूर्व में अफजपुर थाने की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

# पौधे लगाना के साथ उनका संरक्षण भी हमारा दायित्व-सांसद

## वार्ड क्रमांक 1 में एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपण कार्यक्रम सम्पन्न



**मंदसौर, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में चल रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत आज महावीर वार्ड वार्ड क्रमांक 1 के पीपलेश्वर महादेव मंदिर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, पूर्व मंत्री कैलाश चावला, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया, जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, उपाध्यक्ष नम्रता प्रितेश चावला, मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत, धीरज पाटीदार, रेडक्रॉस चेयरमेन प्रितेश चावला, राम कोटवानी मंचासीन थे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने पौधारोपण के माध्यम से समाज को प्रकृति के प्रति जागरूकता का संदेश दिया एवं वृक्षारोपण कर पर्यावरण को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण दिवस पर आरंभ एकपेड़मांकेनाम अभियान ने पूरे देश में जन अभियान का स्वरूप ले लिया है। इस बार हमने पेड़ो की आवश्यकता को काफी महसूस किया है। हम सभी को पौधे लगाना ही नही इन्है बड़े करना भी हमारा दायित्व है। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि हम सभी को शहर को हरा भरा रखना है। हम सभी का दायित्व है कि पर्यावरण के प्रति सभी को जागरूक करें। अधिक से अधिक पौधारोपण करें। पूर्व मंत्री कैलाश चावला ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, स्वस्थ वातावरण देने के लिए पौधारोपण करना आवश्यक है। साथ ही उनकी देखभाल करना और महत्वपूर्ण कार्य है। पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया ने कहा कि ऐसे पुनित कार्यो में जनभागीदारी के साथ मनभागीदारी भी होना आवश्यक है। मैं वार्ड की पार्षद और उपाध्यक्ष नम्रता चावला की प्रशंसा करता हूँ कि वार्ड में इस प्रकार के आयोजन लगातार होते रहते है। जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने कहा कि पौधे लगाने के साथ ही उनके संरक्षण करना भी बहुत जरूरी है। हम सभी को अपपे जीवन में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। कार्यक्रम के बाद सभी ने पौधारोपण किया। कार्यक्रम का संचालन जितेश पंडया ने किया और आभार नपाउपाध्यक्ष व क्षेत्रिय पार्षद नम्रता चावला ने माना। कार्यक्रम से पूर्व भगवान पिपलेश्वर महादेव की महाआरती की गई।

## हफ्ता वसूली नही देने पर चाकू से हमला

**पिपलियामंडी, 28 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शराब पीने के लिए हफ्ता वसूली करने व चाकू से हमला करने वाले आरोपी पर पुलिस ने केस दर्ज किया। रायसिंह पिपलिया निवासी विनोद पिता कारुलाल चोधरी ने नाहगरढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि कार से गांव जा रहे थे, राती तलाई में मुकेश सूर्यवंशी की दुकान के सामने दिलीप पिता चम्पालाल सूर्यवंशी मिला, उसने बोला कि शराब पीने के 500 रुपए सप्ताह के देने पड़ेंगे, मैं यहां का दादा हूं, नही देने पर गाली-गलौज की व मारपीट की व चाकू से वार किया, जिससे दाहिन हाथ की कलाई पर चोंट आई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in